हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 25 जून 2024

07 जो बच्चा जहां मिला उसे वहीं पिलाई 'दो बूंद जिंदगी ...



08 एक सप्ताह में छह बार 17 घंटे बिजली बंद कर किया...





## विधानसभा उपचुनाव के पहले भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे

# भाजपा को कड़ी टक्कर देने के लिए कांग्रेस के प्रभारियों ने संभाला मैदान

### बुधनी विधानसभा के लिए प्रभारी बनाए गए जयवर्धन सिंह, शैलेंद्र पटेल सहित जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शिवराज सिंह चौहान को केंद्रीय मंत्री बनाने के बाद उन्होंने बुधनी विधानसभा से अपना इस्तीफा भी विधानसभा सचिवालय को सौंप दिया है। इसके बाद बुधनी विधानसभा में उपचुनाव की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। इस बार बुधनी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को कड़ी टक्कर देने के लिए कांग्रेस भी अभी से तैयारियों में जुट गई है। यही कारण है कि बुधनी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस ने बैठकों का सिलसिला भी शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में बुधनी विधानसभा के लिए प्रभारी बनाए गए पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह, पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल के साथ जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती सहित अन्य नेताओं ने रेहटी एवं भैरूंदा पहुंचकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरा और उपचुनाव की तैयारियों को लेकर सक्रिय होने का इशारा भी किया।

#### तीन-तीन ब्लॉकों की बैठक ली

बुधनी विधानसभा के लिए प्रभारी बनाए गए पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह, पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल, जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती सहित अन्य नेता बुधनी विधानसभा के रेहटी पहुंचे। यहां पर उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान बुधनी, रेहटी और शाहगंज ब्लॉक के कार्यकर्ताओं को बुलाया गया था। इसके बाद सभी नेता भैरूंदा पहुंचे और यहां पर लाड़कुई, गोपालपुर और भैरूंदा ब्लॉक के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं को उपचुनाव की तैयारियों के लिए इशारा किया गया तो वहीं उन्हें मैदान में जुट जाने को भी कहा गया। हालांकि इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अपने मन का गुब्बार भी निकाला।

#### पहले संगठन की मजबूती फिर टिकट की बात

कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में प्रभारी जयवर्धन सिंह ने नेताओं को नसीहत देते हुए कहा कि पहले संगठन को मजबूत बनाना है उसके बाद टिकट पर बात होगी। उन्होंने कहा कि अभी संगठन बेहद कमजोर है, इसलिए सबसे पहले संगठन को मजबूत करना है।

मंडलम प्रभारी, सेक्टर प्रभारियों को जिम्मेदार दी जाए। प्रभारी शैलेंद्र पटेल ने कहा कि इस बार कांग्रेस पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरेगी, ताकि कांग्रेस की जीत सुनिश्चित हो। इसके लिए संगठनात्मक स्तर पर सबसे ज्यादा तैयारियां करनी है।

कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता, नेताओं को यह जिम्मेदारी संभालनी है। बैठक में शाहगंज ब्लॉक अध्यक्ष बहादुर सिंह चौहान, बुधनी ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र यादव, रेहटी ब्लॉक अध्यक्ष सहित कांग्रेस के युवा नेता एवं विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रहे विक्रम मस्ताल शर्मा 'हनुमानजी', कमलेश पटेल, मलखान सिंह चंद्रवंशी, दुष्यंत मालवीय, अमित मोंटी पटेल, अभिषेक नागर, संतोष पटेल, भैरूंदा ब्लॉक अध्यक्ष देवीसिंह थारोल,सुरेश सेठी, देवी सिंह, सूरत मकवाना, अजय पटेल, अर्जून आर्य, विजेंद्र उइके, संतोष शर्मा, गोपाल शर्मा, संजय पटेल, विनोद पंवार, आनंद पटेल, राजकुमार पटेल, रामसरूप ठेकेदार, ममता किर, सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मोजूद रहे गोपालपुर ब्लॉक अध्यक्ष अशोक सिंह भाटी, लाड़कुई ब्लॉक अध्यक्ष चंदर मीणा सहित अन्य नेता, पदाधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### पीजी के रजिस्ट्रेशन बंद, 29 को लिस्ट

**सीहोर।** कॉलेजों में पीजी कोर्स में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन बंद हो गए हैं, जबकि लिस्ट 29 जून को आएगी। सीहोर के पीजी कॉलेज सहित जिलेभर में अब भी 60 से 70 फीसदी सीटें खाली रह गई हैं। एमएससी के 15 से ज्यादा और एमए के 24 स्पेशलाइजेशन कोर्स में एडमिशन के लिए यह प्रक्रिया चल रही है। इसके अलावा एमकॉम, पीजीडीसीए, पीजी डिप्लोमा इन योगिक साइंस जैसे कोर्स भी हैं। चंद्रशेखर आजाद शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय सहित जिले के सरकारी और निजी कॉलेजों में एडमिशन के लिए यह प्रक्रिया चल रही है।

### सीबीएसई ने निकाली भर्ती

**सीहोर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने मीडिया रिलेशंस, विजिलेंस, एकेडमिक्स, स्किल एजुकेशन और अन्य पदों सहित कुल 29 डेपुटेशन आधारित पदों पर ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। चयनित उम्मीदवार तीन साल के कार्यकाल के लिए दिल्ली सहित सीबीएसई के ऑफिसों में नियुक्त किए जाएंगे। सेलेक्टेड कैंडिडेट्स का टेन्योर उनके प्रदर्शन और नियमों के मुताबिक अधिकतम 5 साल तक के लिए बढ़ाया जा सकता है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट www.cbse.nic.in पर आवेदन कर सकते हैं।

### शुद्ध पानी मिलने के लिए नपा ने फिल्टर प्लांट की सफाई

**सीहोर।** मानसून की दस्तक के साथ ही शहर को जल की आपूर्ति करने वाले जलाशयों में पानी जमा हो गया है। शहर के लोगों को मटमैला पानी सप्लाई नहीं हो और लंबे समय से सेटलमेंट टैंक और प्लाकुलेटर टैंक, फिल्टर प्लांट की सफाई नहीं हुई है। इसको ध्यान में रखते हुए आगामी दो दिन पानी की सप्लाई बाधित होगी। इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने क्षेत्रवासियों को शुद्ध जल की सप्लाई हो इसके लिए निर्देश दिए है। वहीं नगर पालिका सीएमओ ने बताया कि लोगों को शुद्ध पानी मिले इसके लिए नगर पालिका द्वारा फिल्टर प्लांट की सफाई करवा रही है। फिल्टर प्लांट की सफाई होने के कारण पानी सप्लाई नहीं हो सकेगी। इसके तहत सेटलमेंट टैंक, फ्लाकुलेटर टैंक की सफाई होगी।

### पेंशनधारियों को फर्जी कॉल से बचने की सलाह

**सीहोर।** साइबर अपराधियों द्वारा पेंशनधारियों को जीवन प्रमाण-पत्र को ऑनलाइन अपडेट करने के संबंध में की जाने वाली फर्जी कॉल से बचाव की सलाह दी है। वर्तमान में साइबर अपराधियों द्वारा पेंशन निदेशालय का हवाला देकर पेंशनरों को पूरा डाटा बताकर जीवन प्रमाण-पत्र अपडेट करने के लिए ओटीपी साझा करने की बात सामने आई है। ऐसे में पेंशनर के खाते की राशि फर्जी खाते में स्थानांतरित कर दी जाती है। पेंशनरों को हमेशा सावधानी बरतने की जरुरत है।

# जिले में अब तक 98.3 एमएम औसत वर्षा दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 24.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 15.2, मिलीमीटर, श्यामपुर में 45.0, आष्टा में 4.0, जावर में 35.8, इछावर में 90.0, भैरूंदा में 4.2, बुधनी में 0.0, रेहटी में 0.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 01 जून से 24 जून को प्रातः 8 बजे तक 98.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 100.1 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है।

अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 24 जून 2024 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 161.8, मिलीमीटर, श्यामपुर में 104.0, आष्टा में 79.0, जावर में 90.8, इछावर में 246.0, भैरूंदा में 29.6, बुधनी में 28.0 तथा रेहटी में 47.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## महिला की दबंगई : एक व्यक्ति को तलवार मारकर किया गंभीर घायल, बेटी व साथियों के साथ लोगों की दी गालियां



**सीहोर।** जिले के बुधनी क्षेत्र में एक महिला ने अपनी बेटी के साथ युवक पर तलवार से हमला कर दिया। सिर में तलवार लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे नर्मदापुरम रेफर किया गया है। वारदात रविवार रात करीब 9 बजे गडरिया नाला क्षेत्र में हुई। महिला की गुंडागर्दी का वीडियो भी सामने आ आया है। वीडियो में महिला अपनी बेटी व कुछ साथियों के साथ हाथ में तलवार लेकर लोगों को धमकाती नजर आ रही है। वह लोगों को गालियां दे रही है। पुलिस ने महिला उसकी बेटी सहित 4 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

दरअसल बुधनी क्षेत्र में रहने वाले सूरज जाटव ने बताया कि वह रात करीब 9 बजे कुछ लोग उसके पिताजी के साथ मारपीट कर रहे थे। जब मैंने उन्हें रोका तो आरोपी रामदास और उसके बेटे रमन ने मेरे साथ भी मारपीट की। रमन ने चाकू से हमला कर दिया। इससे मेरे सिर में गंभीर चोट आ गई। कुछ देर में मेरा छोटा भाई और चाचा केवल जाटव भी हमें बचाने के लिए मौके पर पहुंच गए। आरोपी हमें जान से मारने की धमकी देकर वहां से चले गए। कुछ देर बाद रुक्मिणी उर्फ सुनीता बेटी पूजा के साथ मौके पर पहुंची। उसने तलवार से अपने पड़ोसी रामस्वरूप के सिर पर वार कर दिया। इसमें रामस्वरूप गंभीर रूप से घायल हो गया। पूजा ने भी रामस्वरूप को लातें मारी और उसके साथ मारपीट की। कुछ देर लोगों को धमकाने के बाद वे वहां से चले गए। सूरज और रामस्वरूप को लोगों ने बुधनी अस्पताल पहुंचाया। वहां से रामस्वरूप को नर्मदापुरम रेफर कर दिया। सूरज की रिपोर्ट पर पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बैंककर्मी ने फांसी लगाकर दी जान: सुसाइड का कारण अज्ञात कोतवाली पुलिस कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कोतवाली थाना क्षेत्रान्तर्गत सेकड़ाखेड़ी मार्ग स्थित भारती नगर में एक बैंककर्मी ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी अनुसार भारती नगर निवासी 25 वर्षीय बैंककर्मी अनिल जांगड़े पिता कन्हैयालाल जांगड़े ने सोमवार सुबह अपने ही घर के किचन में दुप्पटे से फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की शादी हो चुकी थी। उसके दो बच्चे भी हैं। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पीएम के लिए भेजा। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। फिलहाल आत्महत्या का कारण अज्ञात है।

### अनुबंध पत्र का पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य हुआ

**सीहोर।** अचल सम्पत्ति क्रय-विक्रय के अनुबंध (सौदा-चिट्ठी) का पंजीयन आवश्यक है। भारतीय रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 की धारा-17 के अंतर्गत अचल सम्पत्तियों भूमि, भवन, फ्लेट, प्लॉट, दुकान, गोडाऊन, कार्यालय इत्यादि को खरीदने या विक्रय के एग्रीमेंट का पंजीयन सब रजिस्ट्रार कार्यालय में करना अनिवार्य है। केवल स्टाम्प पर लिखे गये नोटराईज्ड अनुबंध कानूनी अधिकार प्रदान नहीं करता है। अचल सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के अनुबंध पत्रों पर स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क निर्धारित है।

## वन विभाग की बढ़ी चुनौती: टाइगर और तेंदुओं ने पांच साल में 115 लोगों को किया घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के वन क्षेत्रों में बाघ और तेंदुए की संख्या में इजाफा हो रहा है। बाघों की संख्या बढ़कर 20 हो गई है। तो वहीं तेंदुओं की संख्या 350 के आसपास पहुंच गई है। हिंसक पशुओं का कुनबा लगातार बढ़ रहा है। जंगलों के आसपास करीब 50 वन ग्राम हैं। जहां बढ़ी आबादी निवास करती है, तो वहीं खेतों पर बने मकानों पर कई किसान परिवार रहने लगे है। बढ़ते हिंसक जानवरों के कुनबे के कारण से वन विभाग की चुनौतियां भी बढ़ गई हैं।

#### पांच साल में 4 की मौत 115 घायल

वन विभाग के आंकड़ों की बात करें तो बीते पांच सालों में जिले में हिंसक पशु, टाइगर और तेंदुओं के हमलों में 4 लोगों की जान गई है। वहीं 115 लोग घायल हुए हैं। इसमें 2019-20 में घायलों की संख्या 15, वर्ष 2020-21 में 48 घायल, जबकि वर्ष 2021-22 में 8 लोगों को घायल किया है, तो वहीं 2022-23 में 23 लोगों को घायल कर दिया है, 2023-24 में हिंसक जानवरों ने अभी तक 21 लोगों को घायल किया है। वहीं मृतकों परिजनों को क्षतिपूर्ति राशि 16 लाख रूपए बांटी गई। वहीं घायलों को करीब 10 लाख राशि प्रदान की गई है, जबकि इन पांच सालों में 800 पशु नुकसान के प्रकरण सामने आए हैं। इसमें पशुपालकों को 80 लाख रुपए वितरित की गई है।

डीएफओ एमएस डाबर ने बताया कि जिले के 7 वन परिक्षेत्र में 15 कैमरे लगे हुए हैं। ग्रामीणों को शामिल कर सुरक्षा समिति बनाई गई है। वन कर्मी और सुरक्षा समिति के सदस्य गश्ती करते हैं और कैमरे पर हिंसक पशुओं का मूवमेंट से लोगों जानकारी दी जाती है।

## आष्टा तहसील के सात गांवों के किसानों ने किया अब बड़ा फैसला

# एथेन गेल प्लांट लगाया तो सीहोर में करेंगे उग्र आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया के प्रस्तावित एथेन क्रैकर प्रोजेक्ट से आष्टा तहसील के ग्राम बागेर, बापचा, भंवरी, अरनिया दाऊद, भंवरा, अरनिया राम, भटोनी आदि गांवों के किसान काफी प्रभावित हो रहे हैं। क्षेत्र के किसान इस प्रोजेक्ट के लिए किसी भी कीमत पर अपनी जमीन देने को तैयार नहीं हैं। किसानों का कहना है कि जबरदस्ती एथेन गेल प्लांट लगाया तो अब जिला मुख्यालय सीहोर में उग्र आंदोलन करेंगे। किसानों का कहना है कि गेल में मजदूरी करने की अपेक्षा अपने खेत पर रहना पसंद करेंगे। किसानों के हित में सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र लिखकर भाजपा नेता डॉ.राजकुमार मालवीय के द्वारा क्षेत्र के किसानों की मांग और गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया के प्रस्तावित एथेन क्रैकर प्रोजेक्ट से होने वाले नुकसान से अवगत कराया है। गेल प्रोजेक्ट से प्रभावित होने वाले ग्रामीण अंचलों में पहुंचकर मालवीय ने बैठक के दौरान किसानों के चर्चा करते हुए कहा कि किसान हमारे देश के स्तंभ हैं वे जीवन भर देश में रहने वाले सभी लोगों के लिए खाद्य पदार्थो की आपूर्ति करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। खेत ही नहीं होंगे तो क्या खाद्यान्न का उत्पादन कैसे होगा। किसानों ने कहा कि हमारी कृषि भूमि इस प्लांट के लगने से बंजर हो जाएगी। ज्यादातर छोटे किसान हैं जिनका भरण पोषण उनकी कृषि भूमि कर रही है। भूमि अधिग्रहित होने के बाद हमारे खाने के भी लाले पड़ जाएंगे। यह प्लांट हमारे क्षेत्र में नहीं लगने देंगे। गांव के प्रत्येक किसान के पास लगभग दो से ढाई बीघा जमीन ही है और यह कृषि भूमि पैतृक है, इससे हमारा जुड़ाव है यह प्लांट कैंसर जैसी गंभीर बीमारी उत्पन्न करेगा। भोले-भाले किसानों की भूमि सरकार को अधिग्रहित नहीं करना चाहिए। गंभीर बीमारी पैदा करने का प्लांट आखिर क्यों खोला जा रहा है। प्लांट से जहरीली गैसें वातावरण में फैलेगी। जहरीली गैसों वाले गेल के प्लांट को आष्टा तहसील का प्रत्येक गांव विरोध कर रहा है। अगर शासन प्रशासन के द्वारा हमारे क्षेत्र में जबरन एथेन क्रैकर प्रोजेक्ट खड़ा किया जाता है तो किसान जिला मुख्यलाय पर धरना प्रदर्शन करेंगे।

**Shri Rajabhoj Mahavidhyalaya Sehore**

Approved By Govt. of M.P. & Affilated to Barkatullah University Bhopal

**Add-Mandi Road Gram Jamoniya Talab, District- Sehore**

**VACANCIES**

Application are invited for the following post under college code 28 of Barkatullah University, Bhopal

| S.No. | Post | Subjets | No. of Post |
|---|---|---|---|
| 1. | Asst.Prof. | Botany | 1 |
| 2. | Asstt. Prof. | Chemistry | 1 |
| 3. | Asstt. Prof. | Zoology | 1 |
| 4. | Asstt. Prof. | Mathematics | 1 |
| 5. | Asstt. Prof. | Physics | 1 |
| 6. | Asstt. Prof. | Computer | 1 |
| 7. | Asstt. Prof. | English | 1 |

Qualification : As per UGC Norms, the Applicant must have Ph.D./UGC-NET/SLET qualification as applicable or as required,The application with complete details/Biodata Should be Submitted with in 30 days by E-mail or in Hard copy

Email-srbcollegesehore@gmail.com,

Phone: 07562-474825,8085858201, 9200705098

Recommendations will not be entertained.

*Attention 12th Class Students offer you*

College Code - P542

**SWAMI VIVEKANAND COLLEGE OF PROFESSIONAL STUDIES**

Awadhpuri Colony, Indore-Bhopal Road

Sehore (M.P.) Ph. - 9329757656

SWAMI VIVEKANAND MAHAVIDHYALAY

Collage Code : INS2837 (BA)

Affiliated to Barkatullah University Recognised by M.P. Govt

**सभी वर्ग के छात्र छात्राओं को कॉलेज की तरफ से लगभग 25% छात्रवृत्ति के पश्चात शुल्क विवरण**

B.C.A Fee Only 7999/- | B.B.A Fee Only 7999/- | Fee Only 6999/- With Comp. B.Com Fee Only 5499/- Plain | Fee Only 6999/- With Comp. B.A. (All Sub.) Fee Only 5499/- Plain

M.Sc Fee Only 9999/- | B.Sc (All Sub) Fee Only 5999/- To 7999/- | PGDCA Fee Only 6999/- | MBA SC/ST and OBC Fees on Scholarship basic

स्वामी विवेकानंद कॉलेज कैंपस, अवधपुरी कॉलोनी, सीहोर (म.प्र.)

9329757656, 9827321267

College Code - p538

**कलावती कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज आष्टा**

म.प्र. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त एवं बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय के सम्बद्ध

उच्च शिक्षा का एक उत्कृष्ट संस्थान



सभी वर्ग के छात्र छात्राओं को कॉलेज की तरफ से लगभग 25% छात्रवृत्ति

B.A. (All Sub.) | B.Sc. (All Sub.) | B.Com | B.C.A. | B.B.A.

शास्त्री कॉलोनी, बुधवारा, आष्टा

9755101751

9302954046

## खबर संक्षेप



### वार्ड 32 में बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा

**सीहोर।** पोलियो दिवस के अवसर पर वार्ड क्र 32 की आंगनबाड़ी में बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई गई। सर्वप्रथम क्षेत्रीय पार्षद आजम नेता द्वारा बच्चों को दवाई पिलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मेहनाज़ खान, सरोज मीणा, सहायिका ममनून जहां, इंद्रा, नगर पालिका से मेहरुद्दीन व वार्ड की महिलाऐं एवं बच्चे उपस्तिथत रहे।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथित मनाई



**सीहोर** । बीएसआई ग्राउंड पर रविवार को मानवता के उपासक, प्रखर राष्ट्रवादी एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा नगर मंडल सीहोर द्वारा पौधरोपण किया गया । इस अवसर पर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कहा की राष्ट्र निर्माण में उनके विचार, उनकी विरासत जीवित है और हमारे महान राष्ट्र के भविष्य को आकार दे रही है, हमें प्रेरित कर रही है। पौधरोपण में युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुनील राय ,जिला मंत्री विजय यादव, नगर महामंत्री समीर सेन, नगर महामंत्री दीपांशु राठौर, शुभम पाटीदार, प्रदीप नगर, दीपक राठौर, विनय तिवारी, रोहित यादव, शशांक यादव, आयुष तोमर, कान्हा सोनी, नीरज वर्मा, अतुल राय, अरुण सेन, अतुल त्रिवेदी, चेतन शर्मा समस्त युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### जाति प्रमाण-पत्र बनवाने समग्र आईडी अनिवार्य

**सीहोर।** लोक सेवा गारंटी के माध्यम से जाति प्रमाण-पत्र बनबाने के लिए अब आवेदक की या परिवार की समग्र आई.डी.होना अनिवार्य किया गया है। जिले की तहसीलों में स्थापित लोक सेवा गारंटी केंद्र पर जाति के आवेदन क्रमशः अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति पिछडे.वर्ग, विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ के मैन्युअल जाति के आवेदन मैन्युअल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति मैन्युअल अन्य पिछडे वर्ग मैन्युअल विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ ब्लड रिलेशन जाति के आवेदन ब्लड रिलेशन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति ब्लड रिलेशन अन्य पिछडे.वर्ग तथा ब्लड रिलेशन विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ पोर्टल पर लाइव कर दिया गया है।

### वनभूमि पर सबसे अधिक अतिक्रमण के मामले विभाग फिर भी मौन, अतिक्रमण करने वाले आमने-सामने

# वन भूमि पर दस हजार हेक्टेयर से अधिक पर कब्जा जमाकर बैठे हैं वन माफिया

सालों से एक ही स्थान पर जमे वन अमले के कर्मचारियों की मिली-भगत के चलते रात-दिन अतिक्रमण का खेल जारी है। खेतों में तब्दील हो गए जंगल

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रेहटी



रेहटी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बुधनी, रेहटी,भैरुंदा मे वन भूमि पर अतिक्रमण के सबसे अधिक मामले सामने है लेकिन इसके बावजूद भी वन विभाग एवं वन विकास निगम के अधिकारी मौन बैठे हैं। चारों तरफ हजारों हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमणकारियों ने अपने अधिपत्य में ले रखा है।

बावजूद इसके अधिकारी कार्रवाई करने की वजह इन्हें संरक्षण दे रहे हैं। ताजा मामला क्षेत्र के गांव पांगरी से निकलकर सामने आया है जिसमें दो परिवारों के अतिक्रमणकारियों जमीन पर कब्जा जमाने की नीयत से आमने सामने है। क्षेत्र में वन विकास निगम एवं वन विभाग दोनों ही कार्यरत है। दोनों के कंधों पर वनों के विकास एवं उनके संरक्षण की जिम्मेदारी है। लेकिन क्या दोनों ही विभाग अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन सही ढंग से कर पा रहे हैं, यह क्षेत्र में वन संपदा के संरक्षण के लिए सबसे बड़ा सवाल हैं। एक अनुमान के मुताबिक तीनों ही वन परिक्षेत्र में लगभग 10000 हेक्टेयर से भी अधिक भूमि पर अतिक्रमण पसरा हुआ है। सालों से एक ही स्थान पर जमे वन अमले के कर्मचारियों की मिलीभगत से रात दिन अतिक्रमण का खेल जारी है। जंगल के दूरस्थ गांवो मे तो वनो की भूमि पर सबसे अधिक खेती की जा रही है। क्षेत्र के गांव किशनपुर मे तो ग्रामीणों ने विभाग और नेताओ के संरक्षण में वनो को बर्बाद करने का आरोप लगाया है।

**पट्टा एक हेक्टेयर का भूमि पर कब्जा 5 से 10 हेक्टेयर**

वर्तमान में वन भूमि पर काबिज कई पट्टेधारी किसानो ने हजारों हेक्टेयर भूमि पर अपना कब्जा जमा रखा है। स्थिति यह है कि 1 हेक्टेयर वन भूमि का पट्टा होने पर 5 से 10 हेक्टेयर भूमि पर कब्जा जमा हुआ है। अतिक्रमणकारी भूमि पर पौधे लगाने सहित अन्य कार्य को करने नहीं देते हैं। जिससे लगातार अतिक्रमणकारियों की संख्या में इजाफा हुआ।

स्थिति यह है कि कई स्थानों पर तो वनों को पूरी तरह नेस्तो नाबूत कर दिया है। कागजों में आज भी कई ऐसे स्थान है जो वन भूमि है लेकिन वहां पर खेती की जा रही है। वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी इस मामले में वन भूमियों को बर्बादी की कगार पर पहुंचने के सबसे बड़े जिम्मेदार हैं। सूत्र बताते हैं कि आदिवासी अंचल के गांव ढाबा एवं आमडो के बीच दक्षिण दिशा में बनी तलाई पर हजारों की तादाद में खड़े हुए पेड़ों को काटने की मुहिम लगातार जारी है। लगभग 200 एकड़ से भी अधिक के परिक्षेत्र में खड़े हुए जंगल को एक साथ दर्जनों परिवारों के द्वारा पहुंचकर कब्जे की नीयत से काटा जा रहा है। यहां पर हरे-भरे पेड़ों की बली दी जा रही हैं। वनों को उजाड़ कर उसे खेती योग्य बनाने के लिए यहां पर एक बड़ा गिरोह भी काम कर रहा है।

**जमीन वन विभाग की, कब्जा करने के लिए लड़ रहे दो परिवार**

खेत के गांव पांगरी में वन विभाग की भूमिका दो परिवारों के बीच अधिपत्य को लेकर वर्चस्व की लड़ाई हो रही है। इस मामले में लाड़कुई वन विभाग के रेंजर प्रकाश उइके का कहना है कि हमारे पास यह शिकायत सामने आई है। जिसमें वन भूमि पर कब्जा लेने की होड़ मची हुई है। इस मामले में विभाग के द्वारा तत्काल फिर से लोगों पर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। इस बात का खुलासा उस समय हुआ जब दोनों ही वन भूमि के आधिपत्य को लेकर एक दूसरे पर आरोप जड़ रहे थे। सोशल मीडिया पर भी यह मामला तेजी के साथ वायरल हुआ।

**नियमों की अनदेखी कर संचालित हो रहे फर्नीचर मार्ट :** क्षेत्र में बड़ी तादाद में फर्नीचर मार्ट नियमो की अनदेखी कर संचालित किये जा रहे हैं। वन विभाग के अधिकारियों ने किस आधार पर वन भूमि से लगे क्षेत्र में फर्नीचर मार्ट के लाइसेंस दिए यह सवाल खड़ा हो रहा है। वन क्षेत्र मे आरा मशीन के संचालन पर भी कोई रोक नही लगाई गई। विभाग के द्वारा बांटे गए लाइसेंस का जीता -जागता उदाहरण चकल्दी में संचालित फर्नीचर मार्ट है।

## इन्विसिबल टाइटंस ने लाइटनिंग रेडर्स को छह विकेट से हराकर किया सेमीफाइनल में प्रवेश

**सीहोर।** उभरते खिलाडिय़ों को निखारने के लिए जिला मुख्यालय के समीपस्थ पचामा ब्लू वर्ड स्कूल के शानदार मैदान पर खेली जा रही सीहोर तोलोबा प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के एक तरफा मुकाबले में इंविसिबल टाइटंस ने लाइटनिंग रेडर्स को छह विकेट से हराकर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया, इस प्रतियोगिता में दो ओर टीम सेमीफाइनल में प्रवेश कर चुकी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रतियोगिता के अनेक मैच खेले गए थे। इसमें इंविसिबल और लाइटनिंग रेडर्स के मुकाबले खेला गया, इसमें लाइटनिंग रेडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित सात ओवर में दो विकेट खोकर 49 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंविसिबल ने यह मैच तीन ओवर में हासिल किया और छह विकेट से जीत हासिल की। इसके अलावा एक अन्य मुकाबला इनफर्नो नाइट्स और लाइटनिंग रेडर्स के मध्य खेला गया। जिसमें इनफर्नो नाइटस ने छह विकेट से जीत हासिल की। इसमें लाइटनिंग रेडर्स ने 37 रन बनाए थे। वहीं एक अन्य मुकाबला इनफर्नो नाइटस और इंविसिबल टाइटंस के मध्य खेला गया। इसमें इनफर्नो नाइटस ने



यह मुकाबला 15 रन से जीत लिया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी इनफर्नो नाइटस ने की थी और सात ओवर में पांच विकेट खोकर 62 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंविसिबल टाइटंस ने 47 रन ही बना सकी। इसी प्रकार एक अन्य मुकाबला वोर्टेक्स और टर्बो चार्जर्स के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में वोर्टेक्स चैलेंजर्स 34 रन से जीती। इस मुकाबले में वोर्टेक्स चैलेंजर्स ने सात ओवर में तीन विकेट खोकर 62 रन बनाए थे। इसमें सैफुद्दीन तेलवाल ने 27 गेंद पर 44 रन की पारी खेली। विशाल रनों का पीछा करने उतरी टर्बो चार्जर्स 28 रन ही बना सकी। वहीं अंतिम मुकाबला वोर्टेक्स चैलेंजर्स और जेनिथ स्माशर्स के मध्य खेला गया। इस मैच में जेनिथ स्माशर्स पांच विकेट से जीता। इसमें वोर्टेक्स चैलेंजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49 रन बनाए थे। वहीं जेनिथ स्माशर्स ने 6.1 ओवर में जीत हासिल की।

### तज के किसानों की बढ़ी चिंता:देर रात हुई तेज बारिश से बीज खराब होने का डर



**सीहोर।** ग्राम पंचायत दुपाड़िया भील अंतर्गत आने वाले ग्राम तज के किसान चिंतिंत नजर आ रहे है। दरअसल, रविवार रात हुई तेज बारिश से किसानों को अपनी सोयाबीन की फसल खराब होने का डर है। गांव के किसानों का कहना है कि तेज बारिश से बीच सड़ सकता है। किसान सौरभ सोनू ने बताया कि बीती रात को तेज बारिश होने से खेतों में मिट्टी सेट हो गई, जिससे अंकुरित फसल बाहर निकलने में दिक्कत आएगी और अंकुरित बीज मिट्टी के अंदर सड़ जाएगा। वहीं, किसान भैया लाल का कहना है कि अगर आज फिर अगर बारिश होती है तो मिट्टी के में सेट हूए बीज फसल खराब नहीं होंगे और अंकुरित बीज बाहर आ जाएंगे।

## ठगी का नया तरीका: एपीके फाइल भेजकर फोन हैक कर उड़ाए हजारों रुपए, एक दिन में कई लोगों के पास भेजी गई फाइल

### ऑनलाइन ठगीः थाना प्रभारी ने जारी की एडवाइजरी, अज्ञात एपीके फाइल डाउनलोड नहीं करने की दी सलाह

**भैरूंदा।** नगर में लोगों के मोबाइल वाट्सएप पर अज्ञात नंबरों से एपीके फाइल भेजी जा रही हैं। ये।फाइलें में प्रधानमंत्री आवास योजना की लिस्ट चेक के नाम से एपीके सहित अन्य नाम से लोगों के पास पहुंची। कुछ लोगों ने इन फाइल को डाउनलोड किया गया और उनका मोबाइल फोन हैक हो गए। एक ही दिन में कई लोगों के पास इस तरह के मैसेज आए और उनके खाते के हजारों रुपए कट गए। भैरूंदा निवासी अभिषेक जोशी ने अपने मोबाइल वॉट्सएप एक एपीके फाइल प्रधानमंत्री आवास के नाम की लिस्ट की जानकारी मिली अभिषेक जोशी के बच्चो के द्वारा फाइल एपीके फाइल को डाउनलोड करते ही उनके खाते से 9000 हज़ार रुपए कट गए अभिषेक जोशी ने इसकी जानकारी भैरूंदा थाना प्रभारी घनश्याम दांगी को दी गई पुलिस ने ममला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने एडवाइजरी जारी कर इस तरह की अज्ञात किसी भी प्रकार की एपीके को डाउनलोड नही करने की सलाह दी गई। थाना प्रभारी ने साइबर सेल से जानकारी निकाल कर बताया गया, इस तरह की फाइल आपके निजी डाटा चुरा सकते हैं और बैंकिंग एप भी प्रभावित कर रहे हैकर। थाना प्रभारी ने बताया, हैकर्स के द्वारा इस तरह की अज्ञात एपीके फाइल लोगों को भेजे जाने की सूचना मिली है। इसके कारण मोबाइल फोन धारक हैकिंग के शिकार हो सकते हैं। एक ही तरीके से इस तरह




के साइबर अटैक सामने आ रहे हैं। ये हैकर्स अनऑफिशियल एपीके इंस्टॉल कर उसका रिमोट के रूप में उपयोग कर रहे हैं। एक मामला यह भी सामने आ रहा है वाट्सएप के जरिये लिंक आने पर उस पर क्लिक करने से एपीके एप्लिकेशन को इंस्टॉल किया, जिससे मालवेयर मोबाईल में प्रवेश कर गया ।

**खतरनाक है मालवेयर एप्लिकेशनः**

ये मालवेयर एप्लिकेशन कुछ दिनों तक शांत रहकर आपका डेटा हैकर के क्लाउड पर भेजते रहते हैं। आपकी निजी जानकारी को इकट्ठा करते हैं। अधिकतर रात के समय ये एप्लिकेशन एक अन्य एप्लिकेशन को इंस्टॉल कर देते हैं। वह एप्लिकेशन बिना आइकन वाला होता है। ये मोबाइल में दिखाई नहीं देता है। यह एप्लिकेशन उस मोबाइल को पूरी तरह से हैक कर कई पाबंदियां लगा देता है। जिससे आप आसानी से मोबाइल फोन को फॉर्मेट और रीसेट भी नहीं कर सकते हैं। एप्लिकेशन को अन इंस्टॉल पर भी पाबंदी लगा देता है। जिससे कोई भी एप्लिकेशन को हटाया नहीं जा सकता है। आपके मोबाइल पर आने वाले संदेशों को पढ़ता है। आपके वाट्सएप को हैक कर अपने सिस्टम में शुरू कर देता है। आपके सभी संपर्कों और ग्रुप में अश्लील वीडियो और फोटो भेजते हैं। यह मालवेयर बैंकिंग एप्लिकेशन में सेंध लगा सकता है।

**मोबाइल सॉफ्टवेयर अपडेट रखें, सतर्कता बरतें**

मोबाइल का सॉफ्टवेयर हमेशा अपडेट रखें और अवांछित एप्लिकेशंस को हटाएं। अपने डिवाइस से उन सभी एप्लिकेशंस को हटाएं जो आपने न इंस्टॉल किए हों या जो संदेहपूर्ण लगते हों। एप्लिकेशंस को केवल प्ले स्टोर से ही इंस्टॉल करें और सतर्कता बरतें। व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। किसी भी अज्ञात स्रोत से आने वाले मैसेज या लिंक्स को खोलने से बचें और व्यक्तिगत जानकारी को किसी के साथ साझा न करें। कोई भी एपीके फाइल जाने अनजाने में इंस्टाल नहीं करें। वाट्सएप को ऑटो डाउनलोड मोड पर न रखें। सार्वजनिक वाइफाई का उपयोग न करें।

## आवासीय ने सीहोर क्लब को 2-0 से हराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीहोर

शहर के चर्च मैदान पर खेली जा रही अंडर-12 बेबी लीग खेल मेला प्रतियोगिता का आयोजन जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में किया जा रहा है। इसमें रविवार को तीन मैच खेले गए थे। इसमें पहला मुकाबला सीहोर क्लब और आवासीय के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में आवासीय ने सीहोर क्लब को एक तरफा मैच में 2-0 से हराया। आवासीय की ओर से अनिकेत और काव्यांश ने एक-एक गोल किया। सीहोर क्लब की ओर से अनेक गोल के प्रयास किए थे।

जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में खेली जा रही इस प्रतियोगिता में हर दिन मुकाबले जबरदस्त हो रहे है। रविवार को दूसरे मैच में सीहोर बाइज ने इछावर टीम को तीन गोल से हराया। इसमें सीहोर बाइज की ओर से पहले ही हाफ में स्ट्राइकर अर्थव ने एक गोल किया था, वहीं उसके पश्चात ललित-अरफात ने भी एक-एक गोल किया। \

इसके अलावा एक अन्य मैच आरएसआई-डीएसवाय के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में आरएसआई को डीएसवाय ने 5-2 के विशाल अंतर से हराया। इस मैच में डीएसवाय की ओर से सुशांत ने तीन गोल किए थे। वहीं वैष्णवी और शुभम ने एक-एक गोल किया। आरएसआई की ओर से संस्कार-वैभव ने एक-एक गोल किया। मैच के अंत में एसोसिएशन की ओर से प्रतियोगिता के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा, कोच विपिन पवार आदि ने डीएसवाय के सुशांत के शानदार प्रदर्शन पर उत्साहवर्धन किया।

## नर्मदेश्वर महादेव मंदिर समिति द्वारा वार्षिकोत्सव मनाया गया



**सीहोर।** इस वर्ष भी वैशाली नगर वार्ड क्रं. 9 स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर समिति द्वारा चतुर्थ वार्षिकोत्सव मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम अखण्ड रामायण पाठ पश्चात कन्याभोज एवं रात्रि में महाआरती के साथ भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें मध्य प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य सीताराम यादव (राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त), नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, एल.एस.सेन सेन समाज सीहोर कर्मचारी नेता, विष्णु यादव, विक्रम यादव, अनिल सक्सेना, मिलन यादव एवं समस्त वैशाली नगर के नागरिकगण, महिला मण्डल एवं बच्चे सम्मिलित हुए। मंदिर के पुजारी द्वारा अतिथियों का तिलक लगाकर सम्मान किया गया।

### नशामुक्ति जनजागृति अभियान में शामिल हुए कोचिंग सेंटर संचालक व छात्र-छात्राएं

# थाना प्रभारी ने विद्यार्थियों से कहा नशा मुक्ति से परिवार को टूटने से बचाया जा सकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भैरुंदा

पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग, एसडीओपी दीपक कपूर के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे नशा मुक्ति,सायबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम के तहत भैरूंदा थाना प्रभारी घनश्याम दांगी के द्वारा कोचिंग सेंटर पर पहुंचकर छात्र-छात्राओं को नशा के प्रति जागरूक किया।

थाना प्रभारी ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य आज के युवा पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभाव तथा उससे नशे से बढ़ते अपराध के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। उन्होंने नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत नशा उन्मूलन के तहत गुटका, बीडी, सिगरेट, सिलोशन एवं सीरिंज से नशा




करने पर इससे होनो वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि नशा में वाहन चलाने वालों की हो रही दुर्घटना को देखते हुए यह अभियान व्यापक तौर पर चलाया जा रहा है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहकर स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने व अन्य लोगों को भी जागरूक करने की सलाह दी। गुर्जर ने कहा कि नशा मुक्ति से परिवार को टूटने से बचाया जा सकता है। साथ ही नशे से हो रही दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। आज की युवा पीढ़ी को नशा की गिरफ्त में जाने से रोका जा सकता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को सायबर क्राइम एवं सायबर अपराध से बचने की जानकारी एवं गुड टच बैड टच के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि अगर आपके साथ या फिर आसपास कोई घटना होती है और अगर आपको कोई बदमाश परेशान करे या छेड़छाड़ करने की कोशिस करता है तो आप तुरंत निर्भीक होकर संबंधित थाने या डायल 100 पर कॉल कर सूचित करें। इस दौरान छात्र-छात्राएं एवं थाना स्टाफ उपस्थित रहा।

**छात्र-छात्राओं को किया प्रेरितः** थाना प्रभारी ने छात्र-छात्राओं को जागरूक किया।साइबर क्राइम को लेकर छात्र,छात्राओं से सावधानियां बरतने की समझाइश दी। वहीं उन्होंने साइबर क्राइम, फाइनेंसियल फ्रॉड और सोशल मीडिया की उपयोगिता पर सावधानी बरतने की समझाइश दी। उन्होंने डायल 100, महिला हेल्पलाइन, चाइल्ड लाइन से संबंधित हेल्प लाइन नंबरों के बारे में बताया।

## प्रश्नों के उत्तर भेजने नोडल अधिकारी नियुक्त बिना अनुमति के नहीं दिया जाएगा अवकाश

**सीहोर।** मध्यप्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र 1 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है। इस सत्र में विधानसभा प्रश्नों के उत्तर तत्काल भेजने के लिए और सत्र अवधि में जिले के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को बिना अनुमति के अवकाश पर नहीं देने के लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने निर्देश जारी किए हैं।

कलेक्टर प्रवीण सिंह ने जारी आदेशानुसार विधानसभा के प्रश्न जैसे ही प्राप्त होते हैं, तत्काल उसके उत्तर तैयार कर समयावधि में सही और पूरक जानकारी सहित भेजने का उत्तरदायित्व संबंधित कार्यालय प्रमुख और प्रभारी अधिकारी का होगा। राजस्व विभाग से संबंधित विधानसभा प्रश्नों के उत्तर परीक्षण कर समयावधि में भेजने के लिए अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह को नोडल अधिकारी और संयुक्त कलेक्टर नितिन कुमार टाले को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जहां अतिआवश्यक हो तो संबंधित अधिकारी और नोडल अधिकारी कलेक्टर को अवलोकन के लिए प्रस्तुत करेंगे। विधानसभा सत्र के दौरान कोई भी अधिकारी कलेक्टर या नोडल अधिकारी की पूर्व अनुमति से ही अवकाश नहीं लेगा। बिना अनुमति मुख्यालय से अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। साथ ही शासकीय अवकाश में भी मुख्यालय की पूर्व स्वीकृति जरूरी होगी। कलेक्टर ने जारी आदेशानुसार जिला कार्यालय और अन्य संबंधित कार्यालयों में कन्ट्रोल रूप की स्थापना शीघ्र की जाने की बात कही है।

## पोलियो की दवा पिलाने जिले में 1654 बूथ बनाए, 58 मोबाइल टीमें भी की गई तैनात

# जो बच्चा जहां मिला उसे वहीं पिलाई 'दो बूंद जिंदगी की'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-ब्यावरा

राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम के तहत पोलियो मुक्त भारत की अवधारणा को लेकर स्वास्थ्य विभाग का मैदानी अमला 23 जून को अभियान को सार्थक करने में जुटा रहा। जन्म से 5 वर्ष का कोई भी बच्चा पोलियो दवा पीने से वंचित न रह जाए इसके लिए समूचे जिली में 165 बूथ बनाए गए थे, जहां बच्चों को पोलियो की दवा पिलवाई गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. किरण वाडीवा ने बताया कि अभियान के तहत जिले के 2 लाख 23 हजार बच्चों को पोलिया की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य के तहत 23 जून के साथ ही 24 एवं 25 जून को भी मैदानी अमला कार्य करता रहेगा। जीरो से पांच वर्ष तक के बच्चों को कल जहां बूथों पर दवा पिलाई गई थी वहीं आगामी दो दिनों तक घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। अभियान का शुभारंभ करते हुए कलेक्टर हर्ष दीक्षित के हाथों एक दिन के बच्चे को पोलियो की दवा पिलवाई गई। इसके पूर्व जिला अस्पताल में बाकायदा विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. वाडीवा, सिविल सर्जन डॉ. नितिन पटेल, डॉ. आर.एस. परिहार, डॉ. मित्तल सहित नर्सिंग स्टाफ सहित अन्य उपस्थित थे।





### पूरे जिले में बनाए गए 1654 बूथ

*अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरे जिले में कुल 1654 बूथ बनाए गए। इनमें 1149 बी-टाईप के बूथ एवं 505 सी-टाईप के बूथ शामिल हैं। सी-टाईप वाले बूथ के कर्मचारी आज सोमवार और कल मंगलवार को घर-घर जाकर दवा पीने से वंचित रहे बच्चों को दवा पिलाने जाएंगे।*

### बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन पर भी टीमें तैनात

*निष्चित स्थानों पर बूथ बनाकर बच्चों को पोलियो दवा पिलाने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने 58 मोबाइल बूथ भी बनाए थे। इन बूथों की टीमों ने बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, पार्कों, मेला ग्राउण्ड समेत हर सार्वजनिक स्थल पर पहुंचकर जीरो से पांच वर्ष के बच्चों की पहचान की और उन्हें परिजनों की सहमति से पोलियो की दवा पिलवाई।*

### मॉनिटरिंग के लिए बनाया कन्ट्रोल रूम



*संपूर्ण अभियान की मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तर पर एक मॉनिटरिंग कक्ष बनावाया गया। अभियान से संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता या कोई अप्रिय स्थिति से निपटने इस कन्ट्रोल रूम के लिए एक नंबर भी सार्वजनिक किया गया। कन्ट्रोल रूम का नंबर 74708-20887 है।*

### पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ राज्य मंत्री टेटवाल ने किया

*सारंगपुर में भी दो बूंद जिंदगी की पोलियो सुरक्षा चक्र बनाए रखने के लिए 23 से 25 जून तक पल्स पोलियों अभियान का शुभारंभ हुआ, बच्चों को डबल सुरक्षा देने के लिए सभी जिलों में 0 से 5 वर्ष के बच्चों को श्दो बूंद जिन्दगी कीश देने के लिए प्रदेश भर में अभियान की शुरुआत की गई । इसी के तहत रविवार को सिविल अस्पताल सारंगपुर में पल्स पोलियों अभियान का शुभारंभ राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने करते हुए कहा की नौनिहालों को पोलियो की खुराक हर बार नजदीकी पोलियों बुध में जाकर दो बूंद जिंदगी की जरूर पिलाएं। पोलियो पर देश की जीत बनाए रखने में योगदान दें। प्रदेश में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 23 जून से 25 जून 2024 तक आयोजित किया जायेगा। वही सारंगपुर ब्लॉक में 40250 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया हैं। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष नीलेश वर्मा, सीबीएमओ डॉ.धनजीत बड़ोदिया,डॉ मनीष चौहान,दीपक पुष्पद,अरुण दीक्षित, रामबाबू पाटीदार सहित अन्य मौजूद थे।*

---

#### धरातल से मजदूर और कार्य दोनों गायब

## भ्रष्टाचार: मगराना पंचायत में कागजों में मजदूर

**सारंगपुर**। जनपद पंचायत सारंगपुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में अपवाद स्वरूप कुछ पंचायत को छोड़ दिया जाए तो लगभग सभी ग्राम पंचायतों में शासन की योजना कागजों में चल रही हैं या फिर नाममात्र का कार्य बताकर भारी भरकम राशि का स्टीमेट, टीएस कराकर इंजीनियर एवं एसडीओ से मिलीभगत कर लाखों रुपए का भ्रष्टाचार किया जा रहा है। किसी भी ग्राम पंचायत का पंचायत दर्पण पोर्टल खोलकर देखा जाए तो पोर्टल पर योजनाओं का नाम तथा उनके फोटो और स्थान तथा लागत राशि सबकुच ऑनलाइन दिख रही है। लेकिन धरातल पर जाकर देखें तो जो काम ऑनलाइन दर्शाया है वह मौके नाममात्र है या किसी पुराने काम को अपना बताकर शो किया जा रहा है।

**न ऑडिट न चैकिंग :** ग्राम पंचायतों में सरपंच, सचिव रोजगार सहायक संबंधित इंजीनियर शासकीय धनराशि का गवन करने में इतने निडर हैं कि उनको किसी का कोई डर नहीं है। ग्राम पंचायतों में इन जोड़ी ने ऐसे ऐसे कमाल कर दिए जिसे आडिटर या जनपद स्तर का चैकिंग स्टाप आसानी से पकड़ सकता है, किंतु ऑडिटर और पंचायत विभाग भी भ्रष्टाचार को रोकने में नाकाम साबित हो रहा है। इन योजना में बड़ी गड़बड़ी ग्राम पंचायतों के माध्यम से नंदनवन, परकुलेशन टैंक,मेडबंधन,खेत तालाब, निर्मल नीर,सोकता गड्ढा, तालाब गहरीकरण, पुराने कुएं बावड़ीयो की मरम्मत आदि कई प्रकार की योजनाओं में इतनी मनमानी हो रही है कि वर्षो पुराने कुएं जिन पर पहले से विद्युत कनेक्शन हैं ऐसे कुएं कपिलधारा योजना में नए स्वीकृत कर मस्टर जारी कर दिए हैं ऑनलाइन मस्टर दिख रहे हैं। धरातल पर कुआं पक्का बना हुआ है।

**सरपंच के अधिकार का भी हो रहा हनन:** सारंगपुर जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली मगराना ग्राम पंचायत में कागजों में मजदूर और पुराने काम को नया काम बताकर लाखों रुपए की हेराफिरी करने का माजरा सामने आया है जानकारी के बाद इस पंचायत में यह स्पष्ट हो गया की बाकी 88 ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों की भौतिक जांच हो जाए तो इनके काले कारनामे उजगार हो सकतें हैं। अब देखना यह हैं की क्या इस और जिम्मेदार कुछ कार्यवाही करेंगे या ऐसे ही भ्रष्टाचार चलता रहेगा।


**इनका कहना है**

आपके द्वारा जानकारी मिली है। मैं आज बाहर हूं। इंजीनियर को भेजकर जांच करवाएंगे।

**प्रमोद कुमार सिंह**
जनपद पंचायत सीईओ सारंगपुर।

---

## जिस प्रसूता को गंभीर बताया उसी की इकलेरा में नार्मल डिलेवरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला अस्पताल की डिलेवरी विंग कभी अपनी लापरवाहियों तो कभी मरीजों से पैसे लिए जाने के चलते शुरू से विवादों में रही है। यहां के पूरे स्टाफ को कई बार बदल दिया गया, लेकिन कुछ दिनों तक सबकुछ ठीक-ठाक चलने के बाद वापस से पुराने जैसे हालात निर्मित होने लग जाया करते हैं।

दो ताजा मामलों में डिलेवरी विंग में जिन दो प्रसूताओं को महिला चिकित्सकों ने क्रिटिकल केस (गंभीर) बताया, उन्हीं प्रसूताओं की बाद में नार्मल डिलेवरी हो गई। गंभीर मामलों में नार्मल डिलेवरी होने के भी पूर्व में कई मामले राजगढ़ जिला अस्पताल की मेटरनिटी विंग में सामने आ चुके हैं।

### केस -1

*बिंदू पत्नी राजेश गौड़ निवासी ग्राम देवखेड़ी तहसील ब्यावरा को शनिवार को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। महिला चिकित्सक द्वारा चेकअप के बाद कहा गया कि अभी पूरे दिन नहीं हुए हैं (प्रीमेच्योरिटी) ऐसे में मामला गंभीर है। बाद में बिंदूबाई को रेफर कर दिया गया। परिजन उन्हें इकलेरा ले गए जहां के सरकारी अस्पताल में बिन्दूबाई की नार्मल डिलेवरी हो गई और उन्हें स्वस्थ बालिका शिशु को जन्म दिया।*

### केस -2

*राजगढ़ निवासी प्रसूता जया भिलाला को भी जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जयाबाई को भी पहले गंभीर केस बताते हुए बाहर ले जाने की सलाह दी गई। इन्हीं जयाबाई की बाद में जिला अस्पताल में नार्मल डिलेवरी हो गई।*

---

#### दो बाइकें टकराने से हुआ हादसा

## राजगढ़ के व्यापारी की पचोर के निकट हादसे में हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



राजगढ़ निवासी एक युवा व्यापारी की शनिवार देर रात्रि पचोर के नजदीक हाईवे पर हुए सड़क हादसे में मृत्यु हो गई। मृतक व्यापारी के बेटे को भी घटना में चोंट आई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

जानकारी के अनुसार मूलतः पपड़ेल निवासी अजय गुप्ता राजगढ़ में संजय विजयगर्वी के यहां किराने की दुकान संचालित करते थे। शनिवार रात्रि करीब 8.30 बजे ये अपने बेटे के साथ पचोर क्षेत्र में थे। यहां हाईवे पर नेवज के पुल के समीप वाईन शॉप के पास इनकी बाईक सामने से आ रही दूसरी बाईक से टकरा गई। दुर्घटना में अजय गुप्ता की मौत हो गई वहीं बेटे को भी चोंट आई है। ईष्वरीय कृपा से दूसरी बाइक पर सवार भी हादसे में सुरक्षित बचे हैं। पचोर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

### वाहन की टक्कर में अज्ञात व्यक्ति की मौत

उक्त हादसे के कुछ समय बाद पचोर रेलवे स्टेशन के नजदीक एक अज्ञात वाहन ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। इस हादसे में संबंधित व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। रविवार दोपहर तक भी मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। पचोर पुलिस मामले में जांच में लगी हुई है।

---

## मोहनपुरा-कुंडालिया सिंचाई परियोजना के 3 अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार

### जल संसाधन के चीफ इंजीनियर ने जारी किया आदेश



**राजगढ़**। जिले की दशा और दिशा बदलने में अहम भूमिका निभा रही मोहनपुरा-कुंडालिया सिंचाई परियोजनाओं का कार्य देख रहे तीन अधिकारियों को विभाग ने प्रमोट किया है। इन परियोजनाओं के कार्य को गति देने और कार्यपूर्णता उपरान्त सफल संचालन के लिए जल संसाधन विभाग ने पदोन्नति आदेश जारी कर अतिरिक्त प्रभार सौंपे हैं। मोहनपुरा-कुंडालिया परियोजना के प्रशासन विकास राजोरिया को अतिरिक्त परियोजना संचालक (अधीक्षण यंत्री) बनाया गया है। इनके साथ ही शुंभकर विश्वास को भी अतिरिक्त परियोजना संचालक के रूप में पदोन्नति दी गई है। इसी तरह सहायक प्रबंधन संदीप दुबे को परियोजना प्रबंधक बनाया गया है। जल संसाधन विभाग के प्रमुख अभियंता ने तीनों अधिकारियों की पदोन्नति के संबंध में आदेश जारी किए हैं।

### अन्य राज्य और दूसरे देश भी अपना रहे हैं पद्धति

आपको बतादें कि अकेले मोहनपुरा सिंचाई परियोजना से जिले करीब 1 लाख 45 हजार हेक्टेयर भूमि को सिंचित करने का लक्ष्य है जो लगभग-लगभग पूरा होने में है। आगामी रबी सीजन में यह परियोजना अपने सौ फीसदी लक्ष्य को पाने जा रही है। न केवल भारत के अन्य राज्य बल्कि दूसरे देश भी भारत की पहली प्रेशराईज्ड सिंचाई परियोजना को अपने देशों में अमल में ला रहे हैं।

---

### मंदिर के समीप सड़क किनारे तंवर समाज ने किया पौधरोपण

**राजगढ़**। कालीपीठ रोड पर बाबा रामदेव मंदिर के नजदीक तंवर समाज के पदाधिकारियों द्वारा पौधरोपण करवाया गया। इस दौरान मंदिर के समीप के क्षेत्र व सड़क के किनारे विभिन्न किस्मों के पौधे रौपे गए। इस अवसर पर समाज जिलाध्यक्ष दरियाव सिंह तंवर, पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर, संत कैलाश त्यागी, जिपं सदस्य रमेश तंवर, सहायक अध्यापक प्रेमसिंह तंवर, राधाकृष्णन सहित अन्य उपस्थित थे।

---

**20 जून को जिले के मृगवास थाना क्षेत्र के ग्राम भोजपुरिया में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हुआ था**

## भोजपुरिया जमीनी हत्याकांड मामले में पुलिस ने दबोचे सात आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

जिले के मृगवास थानांतर्गत ग्राम भोजपुरिया में जमीनी विवाद में हुए संघर्ष में युवक की मौत के मामले में पुलिस ने 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। दरअसल गत 20 जून को जिले के मृगवास थाना क्षेत्र के ग्राम भोजपुरिया में जामीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हुआ था। जिसमें एक पक्ष के रामजीवन, भगवान सिंह, अर्जुन सिंह, रामस्वरूप, दौलतराम, गजराज सिंह, हरिओम, रामप्रसाद, राम सिंह, लखन सिंह, सुजान सिंह, हरनारायण, प्रेमनारायण, लक्ष्मीनारायण, रंगलाल, प्रताप सिंह, सत्यनारायण, वंकट सभी जाति गुर्जर निवासीगण ग्राम भोजपुरिया, फूल सिंह मीना निवासी ग्राम दाता का चक एवं मजबूत सिंह गुर्जर निवासी ग्राम बिसलई राजस्थान द्वारा एक राय होकर एवं जान से मारने की नियत से दूसरे पक्ष के महेन्द्र सिंह, चंदन, धनलाल, अर्जुन सिंह, रामस्वरूप, दौलतराम, कनीराम, जगदीश, जगन्नाथ सिंह, धन सिंह, पर्वत सिंह एवं संतोष बाई सभी जाति गुर्जर निवासीगण ग्राम भोजपुरिया की लाठी, फरसा आदि हथियारों से गंभीर मारपीट की गई थी।

इस घटना को लेकर दूसरे पक्ष की ओर से फरियादी महेन्द्र सिंह पुत्र धनलाल गुर्जर की रिपोर्ट पर पहले पक्ष के नामजद उक्त 20 आरोपियों के विरूद्ध मृगवास थाने में अप.क्र. 135/24 धारा 307, 294, 323, 324 506, 147, 148, 149 भादवि का अपराध दर्ज किया गया था। पूरे विवाद में एक युवक की मौत हो गई थी। उक्त मामले में एसपी संजीव कुमार सिंहा द्वारा उपरोक्त घटनाक्रम को गंभीरता से लकर प्रकरण के आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये। निर्देशानुसार एसडीओपी चाचौड़ा दिव्या सिंह राजावत के पर्यवेक्षण में मृगवास थाना प्रभारी उपनिरीक्षक बुन्देल सिंह सुनेरिया अपनी टीम के साथ प्रकरण के आरोपियों की तलाश में सक्रियता से जुट गये और जिनकी तलाश के लिए अपना मुखबिर जाल बिछाकर सघन दबिशें दी गई।

---

### हिंदू उत्सव समिति की कार्यकारिणी का गठन

**इकलेरा**। रविवार को हिंदू उत्सव समिति की मीटिंग तलेन रोड हनुमान मंदिर में रखी गई। उनके मुख्य अतिथि राधेश्याम विश्वकर्मा बाबा बाबूलाल कश्यप सरपंच सरवन पाटीदार हरिओम शर्मा मंदिर के पुजारी रघुवीर सिंह हिंदू उत्सवसमिति के सभी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे। उसके बीच-में प्रस्ताव रखा गया संगठन के अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति से हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष पद सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए दिलीप सिंह बना को चुना गया एवं उपाध्यक्ष धीरज शर्मा एवं कोषाध्यक्ष गणेश भंडारी पाटीदार को सर्वसम्मति से एक वर्ष के लिए बनाए गए।

---

## 24 सट्टेबाज दबोचे, पुलिस ने निकाला उनका जुलूस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

नगर में दो स्थानों पर छापामार कार्रवाई कर पुलिस ने 24 सट्टेबाजों को दबोचा है। शुक्रवार को सावरकर बाल विहार के पीछे बनी दुकान पर छापामार कार्रवाई की गई, वहां से 10 लोगों को हिरासत में लिया। उनके पास से लगभग 18 हजार रुपये बरामद हुए। पुलिस ने सभी को रस्सी से बांधकर जुलूस निकालते हुए थाने ले गई। वहीं दूसरी कार्रवाई किलेअंदर में की गई। पुलिस ने मुखबिर की बताए स्थान पर छापामार कार्रवाई की तो वहां से 14 लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस ने मौके से 7 हजार से ज्यादा नगद राशि बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों को रस्सी से बांधकर जुलूस निकाला और थाने ले गई। सीएसपी ने बताया कि सूचना मिल रही थी कि शहर में जुआ सट्टा का कारोबार बड़े पैमाने पर हो रहा है। शनिवार को मुखबिर से जुआ सट्टा की जानकारी मिली। जिसके बाद शहर में दो स्थानों पर कार्रवाई की गई।

---

## विधायक ने किया ग्राम माना में नवीन पुलिया का लोकार्पण और पौधारोपण

### पौधरोपण हमारे स्वस्थ जीवन के लिए जरूरी : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर



रविवार को समीपस्थ ग्राम पंचायत माना में नवीन पुलिया के लोकार्पण कार्यक्रम में विधायक मोहन शर्मा एवं उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता दिनेश दांगी बाला प्रसाद चंद्रवंशी एवं अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे। साथ ही ग्राम पंचायत के सरपंच अरविंद कलमोदीया एवं पंचायत के सभी पंच गण अधिकारी कर्मचारी जनपद पंचायत से सीईओ राजीव मिश्रा , एसडीओ संजीव वर्मा एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी की उपस्थिति में नवीन पुलिया का लोकार्पण कार्य किया गया। साथ ही इस अवसर पर विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि पौधारोपण किया एवं पर्यावरण के संरक्षण के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। जल के बचाव एवं संरक्षण के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी सरपंच के साथ सरपंच द्वारा एक संकल्प लिया गया कि आज के बाद ग्राम माना में किसी भी परिवार में किसी भी जाति समुदाय में अगर बालिका का जन्म होता है तो ग्राम पंचायत सरपंच के द्वारा उनके यहां ढोल नगाड़े बजाए जाएंगे एवं मिठाई वितरण करवाई जाएगी। ग्राम पंचायत सरपंच की इस पहल पर विधायक शर्मा द्वारा उनकी बहुत सराहना की गई एवं सभी उपस्थित ग्रामीणों द्वारा एवं पार्टी कार्यकर्ता कार्यकर्ताओं द्वारा सरपंच की इस पहल की सराहना की गई।

---

#### सीएम राइज स्कूल भवन का राज्यमंत्री ने किया आकस्मिक निरीक्षण

## नए भवन में बच्चों को मिलेगी क्लासरूम, कंप्यूटर साइंस लैब, लाइब्रेरी की सुविधा : राज्यमंत्री टेटवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सारंगपुर विकासखंड के ग्राम मऊ में शासन की महत्वपूर्ण योजना के तहत सीएम राइज विद्यालय का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसका कौशल विकास एवं रोजगार विभाग स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने करीब 29 करोड़ रूपये की लागत से बनाये जा रहे सीएम राइज स्कूल के भवन निर्माण कार्य का शुक्रवार को आकस्मिक निरीक्षण किया तथा निर्माण विभाग के अधिकारियों को समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के निर्देश दिये।

मंत्री टेटवाल ने नवीन भवन निर्माण को लेकर जनप्रतिनिधि व अफसरों के साथ जगह का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि करोड़ों की लागत से भवन का निर्माण किया जा रहा है। इसके बनने से छात्रों को बडी सौगात मिलेगी। उन्होंने कहा कि निजी स्कूलों की तर्ज पर इस स्कूल भवन का निर्माण किया जाएगा। साथ ही सुविधाएं भी निजी स्कूलों की तरह मिलेंगी। टेटवाल ने बताया कि यहां पर शीघ्र सीएम राइज स्कूल भवन का निर्माण पूरा हो इसको लेकर अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। नए भवन में क्लासरूम, कंप्यूटर-साइंस लैब, लाइब्रेरी शामिल होंगी। जिससें बच्चों को पढ़ाई में बेहतर सुविधाएं मिलेगी।



उल्लेखनीय है कि 29 करोड़ रूपये से सीएम राइज भवन का निर्माण कार्य ठेकेदार केजी गुप्ता कंपनी कर रही है और इसका काम जून 2025 तक पूर्ण किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान मंत्री टेटवाल ने भवन निर्माण की प्रगति से अवगत होते हुए कार्य को और गति देने के निर्देश दिये।

### गुणवत्तापूर्वक निर्माण के दिए निर्देश

मंत्री गौतम टेटवाल ने सीएम राइज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मऊ के निरीक्षण के दौरान विद्यालय निर्माण कार्य से संबंधित विभिन्न कक्षाओं, निर्माण सामग्री, भवन की गुणवत्ता आदि के बारे में ठेकेदार से जानकारी ली। जानकारी लेने के बाद मंत्री ने विद्यालय में पौधारोपण किया। इस दौरान पचोर नप अध्यक्ष विकास करोडिया, सरपंच रईस मंसूरी,विद्यालय प्राचार्य एसएल भारती सहित अन्य मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

## ईदगाह कमेटी ने किया सीएमओ का स्वागत



**जावर।** जावर ईदगाह कमेटी के सदर तोसिफ शेख ओर मस्जिद के सदर नौशाद खान ने सीएमओ हरीश सोनी का पेन गिफ्ट में देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर ईदगाह कमेटी के सदस्य शाहरुख शेख, मुन्ना शाह ,अरबाज अली, आरिफ शाह, आलम शेख, फारुख शेख ,हसन मंसूरी ,अज्जू कुरैशी, इशाक मंसूरी आदी लोग मोजूद थे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों ने पिलाई पोलियो की खुराक

**सीहोर।** 23 से 25 जून 2024 तक राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिसके दूसरे दिन राष्ट्रीय सेवा योजना सीहोर के स्वयंसेवकों द्वारा स्वास्थ विभाग के साथ सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक पोलियो अभियान चलाया। जिसमे 0 से 5 साल तक के बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई गई। यह अभियान महात्मा गांधी महाविद्यालय सीहोर राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ स्वयंसेवक शिवानी प्रजापति और अमित शर्मा के नेतृत्व में चलाया गया। इस अभियान में शासकीय चंद्रशेखर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर के स्वयंसेवक आशीष मेवाड़ा, आदित्य गौर, यशराज, महात्मा गांधी महाविद्यालय सीहोर की रासेयो स्वयंसेवक नंदिनी, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीहोर की स्वयंसेवक मानसी प्रजापति ने सराहनीय कार्य किया और शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति के लिए अपना सहयोग दिया।

### बारिश के बाद भी उमस और गर्मी से राहत नहीं, बिजली की अघोषित कटौती ने नागरिकों का जीना किया मुहाल



# एक सप्ताह में छह बार 17 घंटे बिजली बंद कर किया मेंटेनेंस, फिर भी हो रही अघोषित बिजली कटौती

लोग बिजली कंपनी की शिकायत सीएम हेल्पलाइन के साथ जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधियों तक से कर चुके हैं, लोगों ने आंदोलन करने की चेतावनी तक बिजली कंपनी के अधिकारियों को ज्ञापन देकर दी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

एक तरफ तो भीषण गर्मी और उमस ने लोगों के सामान्य जन जीवन को बुरी तरह प्रभावित कर रखा है, वही जले पर नमक छिड़कने का काम इन दिनों बिजली कंपनी कर रही है। आलम यह है कि हल्की हवा चलने पर बिजली कटौती की जा रही है। जिससे बिजली कंपनी के मेंटेनेंस पोल खुल रही है। बिजली कटौती के चलते शहर के लोगों में रोष व्याप्त है। लोग बिजली कंपनी की शिकायत सीएम हेल्पलाइन के साथ जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधियों तक से कर चुके हैं, लेकिन नतीजा सिफर ही रहा है। लोगों ने आंदोलन करने की चेतावनी तक बिजली कंपनी के अधिकारियों को ज्ञापन देकर दी है।

### कभी दोपहर तो कभी रात को काट रहे बिजली

इन दिनों लोर्ग गर्मी और उमस के कारण काफी परेशान है। जिससे बचने लोगों के पास कूलर पंखे के सामने बैठने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। लेकिन यह सुकुन भी बिजली छीन रही है। अघोषित बिजली कटौती की स्थिति यह है कि कभी भरी दोपहर में तो कभी आधी रात को घंटो तक बिजली गुल रहती है।

### रविवार को आधा शहर होता रहा परेशान

मंडी क्षेत्र शहर का एक बडा और व्यवसाय लिहाज से बडा है। जहां पर अधिकांश फैक्ट्रियां भी है। लेकिन रविवार का दिन लोगों के लिए काफी तकलीफों से भरा रहा। हल्का सा मौसम बिगड़ते ही रात आठ बजे अचानक बिजली गुल हो गई। इसके बाद लोग गर्मी और उमस से बेहाल होते रहे। बिजली आने का इंतजार करते-करते राठ दस बजे तक भी बिजली नहीं आई। बिजली की आँख मिचोली का खेल रात करीब दो से तीन बजे तक चलता रहा। जिस के कारण क्षेत्र के लोग परेशान होते रहे।



### बोले रहवासी, पत्ता हिलते ही कट जाती है बिजली, नहीं सुनते जिम्मेदार

बिजली अघोषित कटौती से लगभग पूरा शहर ही परेशान है। अघोषित बिजली कटौती को लेकर पार्षद मुकेश राठौर और पुर्व पार्षद रामप्रकाश चौधरी ने भी कंपनी के अधिकृत व्हाट्सएप ग्रुप पर अपनी जमकर भड़ास निकाली। वही रहवासियों का कहना है,कि मौसम में बदलाव होते ही हवा से पत्ता हिलने पर ही बिजली कंपनी के जिम्मेदार बिजली काट देते हैं। जब की आए दिन मेंटनेश का शेड्यूल बनाकर घंटो तक बिजली बंद कर मरम्मत का कार्य किया जाता है। इसके बाद भी स्थिति जस की तस ही बनी रहती है।

### पांच दिन का दिया समय, नहीं तो करेंगे धरना प्रदर्शन और आंदोलन

बार-बार अघोषित बिजली कटौती से परेशान होकर मंडी क्षेत्र के नागरिकों ने अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ बिजली विभाग के सहायक यंत्री को इस समस्या से अवगत कराया। साथ ही सुधार के लिए आवेदन के साथ पांच दिनों का समय दिया गया। ताकी इस समस्या का निराकरण जल्द हो सके। अगर निराकरण नहीं हुआ तो क्षेत्र के लोग आंदोलन करेंगे। बिजली कि मंडी सहित अन्य क्षेत्र के लोग बिजली कटौती की शिकायत लेकर आए थे। ट्रांस्फार्मर और बडी लाइन में फाल्ट आने के कारण सुधार कार्य में समय लग जाता है। जल्द ही समस्या का निराकरण किया जाएगा।

### इतने दिन मेंटेनेंस के नाम पर कटौती

- 20 जून: बिजली कंपनी के जिम्मेदारों ने मेंटेनेंस कार्य के लिए शेड्यूल बनाया जिस के तहत 11 केव्ही मंडी फीडर में आने वाले क्षेत्रों में तीन घंटे बिजली कटौती की गई।
- 19 जून: 11 केव्ही बस स्टैंड फीडर में आने वाले क्षेत्र में दो घंटे तक बिजली कंपनी ने मेंटेनेंस कार्य किया।
- 17 जून: सोमवार को 11 केव्ही इंडस्ट्रियल फीडर मेंटेनेंस को लेकर सुबह तीन घंटे तक इंडस्ट्रियल फीडर की सप्लाई बंद रही।
- 14 जून: सुभाष फीडर और लुनिया फीडर में आने वाले क्षेत्रों में करीब तीन घंटे तक मेंटनेंस किया गया।
- 13 जून: को भोपाल नाका फीडर और पटवारी फीडर के क्षेत्रों में करीब दो-दो घंटे बिजली कटौती कर मेंटेनेंस किया गया।
- 12 जून: 11 केव्ही तहसील फीडर के क्षेत्रों में दो घंटे तक मेंटेनेंस कार्य हुआ।

### यहा हुई अघोषित कटौती

- 24 जून: मंडी फीडर में खराबी आने के बाद बिजली गुल हुई करीब तीन घंटे बाद बिजली आई, लेकिन कुछ देर बाद फिर चली गई। यह सिलसिला करीब एक बजे तक चलता रहा। वही वोल्टेज की समस्या से भी नागरिक परेशान होते रहे। बिजली कटौती का सिलसिला करीब रात तीन बजे तक चलता रहा।
- 23 जून: सुभाष फीडर में आने वाले क्षेत्र में भी बिजली गुल रही। बिजली सुधार के बाद बिजली व्यवस्था बहाल हो सकी।
- 22 जून: मंडी फीडर की बिजली अचानक गुल हो गई। इसी के साथ ही गर्ल्स कॉलेज के सामने ट्रांसफार्मर में खराबी आने के कारण काफी देर तक बिजली गुल रही। चाणक्यपुरी सहित शीतल विहार में करीब तीन घंटे तक अंधेरा रहा।
- 20 जून: मंडी फीडर की बिजली अचानक गुल हो गई। वही शहरी क्षेत्र के गंगा आश्रम, राजा बाग में भी बिजली गुल थी।
- 19 जून: बिजली सुधार कार्य के चलते अचानक टाउन फीडर की बिजली गुल रही। वही शुगर फैक्ट्री क्षेत्र में भी काफी देर तक बिजली नहीं थी। वही 11 केव्ही मंडी फीडर और 11 केव्ही इंडस्ट्रियल फीडर दोनों को लगभग 30 मिनट के लिए बंद कर सबस्टेशन में पैनल का सुधार कार्य किया। बस स्टैंड और मछली पुल क्षेत्र में भी अघोषित बिजली कटौती की गई।
- 17 जून: अचानक से करबा क्षेत्र के साथ नेहरू कॉलोनी, मंडी क्षेत्र में बिजली गुल हुई।
- 16 जून: राजा बाग, गंगा आश्रम, मंडी क्षेत्र श्री राम कॉलोनी, सुभाष फीडर के क्षेत्रों में भी करीब एक घंटो तक बिजली गुल रही। जिस के चलते रहवासी परेशान होते रहे
- 14 जून: बस स्टैंड फीडर के क्षेत्र, चाणक्यपुरी, सहित अन्य क्षेत्रों में करीब आधे से एक घंटे तक बिजली गुल रही।

## शिक्षण शिविर व पुरस्कार वितरण समारोह आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के श्री दिव्योदय जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला पर विगत 14 जून से चल रहे श्रुत प्रभावना के अंतर्गत बाल ब्रम्हचारी श्री संजय भैया पठारी द्वारा श्री भूतबली सागर शिक्षण एवं संस्कार शिविर के माध्यम से प्रतिदिन सुबह शाम इस्टोपदेश ग्रन्थ एवं क्षहढाला ग्रन्थ की वाचना कर सामुहिक रूप से श्रावक श्राविकाओं को जिन शासन का मार्ग बताया जा रहा था। मंगलवार प्रातः 8 बजे से किला मंदिर में शिक्षण शिविर समापन एवं पुरुष्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया है। जिसमे दोनो विषयो की परीक्षा में प्रथम द्वितीय तृतीय व सांत्वना पुरुष्कार से सभी प्रतिभागियों को पुरुष्कृत किया जाएगा उक्त आयोजन में एक संगोष्ठी भी होगी जिसमे सभी लोग शिविर में बैठने के अपने अपने अनुभव साझा करेंगे दिगम्बर जैन पंचायत समिति के अध्यक्ष आनंद जैन पोरवाल एवं महामंत्री कैलाश जैन चित्रलोक ने अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पधारने की विनती सभी लोगो से की है।

## श्यामपुर मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद, मनाया स्मृति दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर



भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के स्मृति दिवस पर भारतीय जनता पार्टी मंडल श्यामपुर के द्वारा स्मृति दिवस मनाया गया। स्मृति दिवस पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लक्ष्मी नारायण पाटीदार ने माल्याअर्पण कर पुष्पांजलि समर्पित की। तत्पश्चात सीहोर विधायक सुदेश राय के प्रतिनिधि गोविंद पाटीदार मंडल उपाध्यक्ष श्यामपुर ने कहा कि आज हम जिस कश्मीर की बात करते हैं वह डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की देन है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर के लिए अपना बलिदान दिया।

इस मौके पर उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पाटीदार, विधायक प्रतिनिधि मंडल उपाध्यक्ष गोविंद पाटीदार, श्यामपुर सरपंच नवीन चौहान, मंडल महामंत्री रामस्वरूप मालवीय, प्रदेश कार्य समिति सदस्य मुकेश कोहली, व्यापारी प्रकोष्ठ मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण सोनी, युवा भाजपा नेता संजय पाटीदार, बाबूलाल पाटीदार, नवदीप श्रीवास्तव, शरण वाल्मीकि, विष्णु महेश्वरी, गोविंद ठाकुर, पूर्व उप सरपंच राम भरोसे और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

## पुण्य वाणी होने पर ही साधु-संतों के चरण घर पर पढ़ते हैं : मालव कीर्तिसुधा साध्वी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

बड़ी पुण्य वाणी होती है जब साधु - संतों का योग मिलता है और उससे ज्यादा पुण्यवाणी पर साधु- संतों का अपने घर में आने का सौभाग्य प्राप्त होता है और ज्यादा पुण्यवानी होने से सुपात्र दान देने का योग बनता है एवं अपनी पुण्यवानी और भी अधिक होने से जिनवाणी सुनने का अवसर मिलता है। आप लोगों की पुण्यवाणी ही है कि आप लोगों को यह शुभ अवसर सहज में ही प्राप्त हुआ है।आष्टा संघ बहुत भाग्यशाली है यहां पूज्यपाद त्रिलोक ऋषि महाराज साहब, पूज्यपादअमोलक ऋषि जी महाराज साहब, पूज्य गुरणी मैय्या वल्लभ कुंवर महाराज साहब का विचरण क्षेत्र रहा है एवं आष्टा संघ पर उनका बहुत उपकार रहा है। उक्त बातें राष्ट्रसंत आचार्य आनंदऋषि महाराज साहब, वल्लभ कुंवर महाराज साहब की सुशिष्या उपप्रवर्तनी साध्वी मालव कीर्तिसुधा जी ने नगर प्रवेश के पश्चात श्री महावीर भवन स्थानक में आशीष वचन देते हुए कहीं। आपने कहा कि हमारी जिंदगी दो पटरी पुण्य और पाप पर चल रही है। पुण्योदय से सारी अनुकूलता मिलती है और पाप के उदय से प्रतिकूलता मिलती है। पुण्य अर्जन करने में कभी भी पीछे नहीं हटना। पुण्य अनुकूल हो तो परिवार भी अनुकूल मिलते हैं।मान -सम्मान भी मिलेगा। मनचाहा काम होगा। मालवकीर्ति जी ने बताया कि पुण्य 9 प्रकार के होते हैं और ये आत्मा के खजाने की चाबी है। पुण्य कमाने का सुअवसर मानव भव में है। सहजता से जो किया जाता है वह हमें की गुणा लाभ देता है। रास्ते चलते यदि हम संतों को नमस्कार करते हैं तो सहज ही पुण्य का बंध हो जाता है। पुण्य किसी को दगा नहीं देता है और पाप किसी का सगा नहीं होता है।एक पुण्य 18 पापों को नष्ट कर सकता है। वहीं 18 पाप मिलकर एक पुण्य नहीं बांध सकते। हमारे जीव ने भी कभी पुण्य का बंध करा होगा तभी यह अनुकूलता मिली है। आर्य क्षेत्र, मनुष्य भव, संतों का समागम सभी मिले हैं। पुण्य हमेशा हमारी सुरक्षा करेगा। साध्वी आराधना श्रीजी ने भी आशीष वचन देते हुए कहा कि संसार की हर चीज की जानकारी गुगल पर मिल जाएगी लेकिन आत्मा की जानकारी गुगल पर नहीं अपने अंदर मिलेगी। ये राग द्वेष के पुदगल हमारे जब तक समाप्त नहीं होंगे तब तक आत्मा की शुद्धि अर्थात आत्मा का कल्याण नहीं होगा और मोक्ष की यात्रा भी शुरू नहीं होगी। पूज्य मालवकीर्ति जी,नूतन प्रभा जी, आराधना श्रीजी, श्रीभक्त श्रीजी महाराज साहब ठाणा 4 रविवार 23 जून को सुबह 7 बजे मंगल नगर प्रवेश बड़ा बाजार श्री अशोक देशलहरा के मकान से जुलूस के रूप में प्रमुख मार्गो से होते हुए श्री महावीर भवन जैन स्थानक आष्टा पधारें। साध्वी भगवंतों के आशीष वचन नित्य प्रातः 9 से 10 बजे तक महावीर भवन स्थानक में हो रहे हैं।

### धारा 370 हटाकर पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी के स्वप्न को प्रधानमंत्री ने साकार किया: विधायक



**आष्टा।** नगर के शक्ति केंद्र क्रमांक 06 बूथ क्रमांक 163 सुभाष नगर में पं. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हे पुष्पांजली अर्पित कर उन्हे याद किया। आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने अपने उद्बोधन में कहा कि 23 जून 1953 में रहस्यमई परिस्थितियों में पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी की मृत्यु हो गई थी। भारत की राजनीतिक गतिविधियों में पंडित जी का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा। कश्मीर के लिए उन्होंने जन जाग्रति अभियान चलाया उन्होंने नारा दिया की इस देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेगा। आज जो हम 370 हटाने के बाद का कश्मीर देख रहे है ये श्यामाप्रसाद मुखर्जी का स्वप्न देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरा किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ जनों का सम्मान भी किया गया। आष्टा नगर अध्यक्ष अतुल शर्मा,आष्टा नगर पालिका वार्ड पार्षद तेजसिंह राठौर, आदेश शर्मा,शेष नारायण भूतिया सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गण उपस्थित रहे।

### मनकेश्वर मंदिर समिति ने किया जनप्रतिनिधियों का स्वागत

# विधायक निधि से मंदिर निर्माण के लिए राशि देने की घोषणा





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

कन्नौद रोड़ स्थित सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय के पीछे निर्माणाधीन मनकेश्वर महादेव मंदिर समिति व वार्डवासियों ने स्वागत सम्मान आयोजित कर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, पार्षद तेजसिंह राठौर, रवि शर्मा, रूपेश राठौर का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर विधायक ने विधायक निधि से मंदिर के निर्माण के लिए 2 लाख रूपये की सहायता राशि देने की घोषणा की। वहीं विधायक इंजीनियर ने कहा कि समिति का धन्यवाद जो सनातन धर्म की पताका को मजबूत करते हुए भगवान मनकेश्वर महादेव मंदिर के निर्माण का संकल्प लिया जो शीघ्र ही पूर्ण होने जा रहा है। विधायक प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने मंदिर समिति को शुभकामनाएं व धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस क्षैत्र में भगवान का मंदिर नही होने से धर्मालुजनों को दूर जाना पड़ता था। आपने बहुत ही सहज, सरल भगवान शंकर के स्वरूप मनकेश्वर महादेव भगवान की स्थापना की है जो अपने आपमें सस्ते भगवान है जो अपने भक्तों के द्वारा एक लोटे जल में ही प्रसन्न हो जाते है। स्वागत करने वालों में पार्षद जावर वीरेन्द्रसिंह ठाकुर, कमल ताम्रकार, रामप्रसाद राठौर, कमलेश राठौर, पिंटू राठौर सहित बड़ी संख्या में वार्डवासीगण मौजूद थे।

## पहली बारिश में आया नेवज नदी में पानी, लोगों के खिले चेहरे



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

नेवज नदी मेहतवाड़ा देवांचल धाम जिसका उद्गम हुआ रविवार शाम अच्छी बारिश वर्ष की पहली ही बारिश में बहने लगी नदी। आसपास के समस्त गांव के लोग कहते हैं कि जब नदी में पानी आ जाता है तो पीने के पानी की समस्या खत्म हो जाती है क्योंकि घर पर लगे पेयजलों का जल स्तर भी बढ़ जाता है नदी में पानी आना बहुत ही शुभ माना जाता है पारंपरिक रीति रिवाज के अनुसार सनातन धर्म में हमारे देश में नदियों को माता का दर्जा दिया गया जो जीवन दाहिनी होती है नेवज नदी देवांचल धाम से निकली है वहां पवित्र नदी है।